कोविड–19 महामारी के दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जारी

एडवाइजरी

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों द्वारा

विभिन्न समसामयिक विषयों पर आयपरक मौसम आधारित कृषि

मीडिया कवरेज

2021

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर–2

कृषि विज्ञान केन्द्रों की एडवाइजरी का मीडिया संकलन

1. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : फतेहपुर

मीडिया कवरेज

कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा जारी है, किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाव एवं उन्नत कृषि तकनीकी सलाह: डॉ ए.के सिंह

24/05/2021

हिन्दी दैनिक विधान केसरी

कृषि विज्ञान केंद्रों ने किसानों को कोरोना से बचाव के साथ उन्नत कृषि तकनीकी की दी सलाह

आज

कानपुर 24 मई, 2021 5

फसलों की कटाई-मड़ाई की तकनीकी जानकारी दी

कोरोना संक्रमण से बचाव एवं उन्नत कृषि तकनीकी सलाह देने के साथ डॉ ए.के सिंह ने की चर्चा

कृषि विज्ञान केंद्रों ने किसानों को कोरोना से बचाव के साथ उन्नत कृषि तकनीकी की दी सलाह

24/05/2021 साध्य हलचल

कानपुर/सेवा • 24 मई • 2021 सहारा 5

सीएसए उन्नत कृषि तकनीकों को लेकर कर रहा किसानों को जागरूक

8918 किसानों को व्हाट्सएप पर सलाह तथा 48463 किसानों को ...

कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा दी जा रही है, किसानों को कोरोना संक्रमण से बचाव एवं उन्नत कृषि तकनीकी सलाह:डॉ ए के सिंह

दैनिक सत्ता एक्सप्रेस

मिट्टी सुधार के लिए जैविक खेती की आवश्यकता: डॉ.नौशाद

» खेती में केमिकल युक्त खादों के उपयोग से बचने की दी सलाह

महिलाएं बढ़ाएं आय और बनें स्वावलंबी

तरबूज में लगा कीट किसान परेशान

संक्रमण से गर्भवती महिलाएं रहें सतर्क, करें बचाव :डॉ.अलका

कोविड-19 के संक्रमण से गर्भवती महिलाएं रहें सतर्क, करें बचाव: डॉ अलका कटियार

गर्भवती महिलाएं खाएं दालें, मूंगफली, पनीर

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डॉ. अलका कटियार ने रविवार को गर्भवती महिलाओं के लिए कोरोना संक्रमण से बचाव और सतर्कता विषय पर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में होने वाले परिवर्तनों के...

शाश्वत टाइम्स

हिन्दी दैनिक

किसान के लिए रबी फसल की कटाई एवं मड़ाई हेतु एडवाइजरी जारी

सत्ता एक्सप्रेस

रबी फसल की कटाई मड़ाई हेतु एडवाईजरी जारी

कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह द्वारा जारी निर्देश के क्रम में शुक्रवार को निदेशक प्रसार /समन्वयक डॉ. ए. के. सिंह ने किसानों के लिए रबी फसल की कटाई एवं मड़ाई के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि रबी की फसल लगभग पककर

निश्चित दूरी बनाकर रखें। उन्होंने

उन्होंने बताया कि थ्रेसर पर कार्य

Fatehpur UP News: अरब सागर से उठे चक्रवाती तूफान तौकते (Cyclone Tauktae) का असर भारत के कई राज्यों में पड़ने वाला है। उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh) के कई जिलों में इसके लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस तूफ़ान में तेज हवाओं के साथ साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि की भी संभावना है। फतेहपुर के थरियांव में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी **सचिन कुमार शुक्ला** ने बताया कि जनपद में हवा की गति कुछ तेज रहेगी 17 मई से 20 मई तक हल्की बारिश घने बादल रह सकते हैं। (Fatehpur UP News Strom Rain Cyclone

शाश्वत टाइम्स

हिन्दी दैनिक

ग्रामीण कृषक महिलाओं हेतु एडवाइजरी जारी, कटहल सेहत के लिए लाभदायक

शाश्वत टाइम्स

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह के निर्देश के क्रम में शनिवार अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र थरियांव की गृह वैज्ञानिक डॉ साधना वैश्य व एवं डॉ अलका कटियार ने संयुक्त रूप से ग्रामीण कृषक महिलाओं हेतु एडवाइजरी जारी की है। डॉ.वैश्य ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव करते हुए घर पर ही सुरक्षित रहकर कृषक महिलाएं कटहल का प्रसंस्करण कर उसे विभिन्न उत्पाद जैसे कटहल स्क्वैश, कटहल नेक्टर, कटहल का जैम, कटहल की चटनी एवं कटहल का अचार आदि उत्पाद बनाकर स्वयं को स्वावलंबी एवं आर्थिक [illegible]

वैश्य ने यह भी सलाह दी है कि महिलाएं चाहें तो उत्पाद को स्वयं सहायता ग्रुप बनाकर एक संगठन के रूप में उत्पादित करें। जिससे बाजार मिलने में आसानी हो जाती है। डॉ [illegible]

राइबोफ्लेविन, आयरन, नियासिन, जिंक एवं प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। उन्होंने बताया कि कटहल में पोटैशियम के कारण दिल की बीमारियों को यह ठीक करता है [illegible]

सीएसए ने रबी फसल की कटाई व मड़ाई पर जारी की एडवाइजरी

कोविड-19 से लड़ने के लिए शहतूत का सेवन करें:डॉक्टर साधना वैश,वैज्ञानिक गृह विज्ञान, केवीके फतेहपुर...

www.oneclicknews.co.in

https://www.oneclicknews.co.in/2021/05/Oneclicknews_61.html 5:12 pm

Forwarded

कोरोनावायरस के दौरान कृषक महिलाएं टमाटर में वैल्यू एडिशन करके टमाटर का लेदर बनाएं : डॉ साधना बैश...

www.oneclicknews.co.in

सचिन कुमार शुक्ला (मौसम विभाग वैज्ञानिक)17 से 21 के मध्य आंशिक रूप से बादल छाये रहने तथा गरज चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार है,जिसमे हवा की गति सामान्य से तेज रहेगी।अतः सभी किसान भाईयों को सलाह दी जाती किसी भी दवा

Forwarded

महिला गृह विज्ञान वैज्ञानिको ने बताए सोया पनीर (टोफू)बनाने के तरीके

फतेहपुर, उत्तर प्रदेश महिला गृह विज्ञान वै...

www.ocnnews.in

संवाद न्यूज एजेंसी

फतेहपुर। कोरोना महामारी के समय लॉकडाउन में फल प्रसंस्करण के माध्यम से महिलाएं अपनी आय को बढ़ा सकती है। थरियांव कृषि विज्ञान केंद्र की महिला वैज्ञानिकों ने कटहल से

तरबूज में लगा कीट किसान परेशान

गंजमुरादाबाद। तरबूज की फसल में सफेद सुंडी नाम का कीट लग गया है। इससे तरबूज की फसल में सड़ांध पैदा हो गई है। राजकीय कृषि बीज भंडार कार्यालय प्रभारी देवी सिंह ने किसानों से समय से रहते हुए दवा का छिड़काव करने की सलाह दी है।

क्षेत्र में भारी पैमाने में तरबूज की खेती की जाती है।

2. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : कन्नौज

मीडिया कवरेज

डॉ. वीके कनौजिया ने किसानों को बताएं उपाय

राष्ट्रीय स्वरूप

फसलों का सुरक्षित भंडारण अति आवश्यक : डॉ. कनौजिया

कोविड महामारी से बचते हुए करें कृषि के कार्य

ऐसे करें भंडारण

कन्नौज | हिन्दुस्तान संवाद

फसलों की कटाई, मड़ाई के बाद सुरक्षित भंडारण जरूरी है, जिससे किसानों की मेहनत बेकार न जाए। कोविड-19 महामारी से बचाव करते हुए कृषि कार्यों को करें।

वैज्ञानिक ने दी सलाह

- बोरों को अच्छे से धूप में सुखाने के बाद किसान भरें अनाज
- साफ-सफाई पर जोर, नमी न रहने दें गेहूं आदि फसलों में

15 मिनट तक उबालें, फिर छह घंटे सुखाएं पुराने बोरे

किसान इनको भी अपनाएं

फसलों की कटाई मड़ाई के बाद भंडार करे सुरक्षित- डॉ बीके कनौजिया

नए बाग के रोपण में बरतें सावधानियां- डॉ अमर सिंह

मानसून सामान्य रहने की संभावना : अमरेन्द्र

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।

गर्मी में गहरी जुताई के अनेकों लाभ : डॉ. कनौजिया

गर्मी की जुताई से भूमि की कठोरता कम होती है, हवा का संचार बढ़ता है, खरपतवारों की संख्या में भी कमी आती है

लोकभारती न्यूज़ ब्यूरो

जलालाबाद/कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र, अनौगी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. वी. के. कनौजिया ने बताया कि गेहूं की फसल की ...

... आगामी फसलों की जड़े अधिक गहराई तक वृद्धि कर पाती हैं जिसका सकारात्मक प्रभाव फसल की वृद्धि व उपज पर पड़ता है । दूसरा सबसे महत्वपूर्ण असर भूमि में पड़े कीड़ों उनके अंडों, प्यूपा व लरवा पर पड़ता है जो धूप के संपर्क में आकर नष्ट हो जाते हैं । ठीक इसी प्रकार फफूंद, बैक्टीरिया व नेमेटोड पर होता है । यह सभी फसलों के दुश्मन हैं जो सामान्य स्थिति में भी 10 से 15% तक नुकसान फसल को पहुंचाते हैं ...

... होने से जैसे ही वर्षा प्रारंभ होती है उसका पूरा जल खेत द्वारा सोंख लिया जाता है परिणाम स्वरूप मिट्टी बह कर खेत से बाहर नहीं जा पाती तथा खेत की बुवाई अपेक्षाकृत पहले की जा सकती है।

गर्मी की जुताई से भूमि की कठोरता कम होती है, हवा का संचार बढ़ता है, भूमि में खरपतवारों की संख्या में कमी आती है, कीड़े-मकोड़े और रोगों की संख्या कम होती है, जल ...

भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए बोएं हरी खाद : डॉ कनौजिया

इम्युनिटी बढ़ाने के लिए अपनायें घरेलू नुस्खे : डॉ. पूनम सिंह

दोपहर में मक्के की पत्तियां मुरझाएं तो सिंचाई की जरूरत : कृषि वैज्ञानिक

दोपहर में पत्तियां मुरझाने लगें तो सिंचाई करें

कृषि वैज्ञानिक ने खड़ी फसलों के प्रबंधन पर ध्यान देने की सलाह दी

खेत में खड़ी मक्का की फसल।

खड़ी फसलों के प्रबंधन पर ध्यान दें : डॉ. कनौजिया

मल्टीविटामिन्स व एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है सहजन की पत्तियां: डॉ. पूनम सिंह

जलालाबाद कन्नौज। सहजन की पत्तियों का प्रयोग हजारों साल से आयुर्वेदिक दवाइयों को बनाने के लिए किया जाता रहा है। इसमें विटामिन, खनिज पदार्थ, एंटीऑक्सीडेंट्स, क्लोरोफिल और पूर्ण एंटी बैक्टीरियल और एंटी इन्फ्लामेशन गुण भी इसमें होते हैं जिस वजह से इनका पौष्टिक तत्वों के बारे में आपको शायद ही पता हो। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी की वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह बताती हैं कि सहजन की पत्तियां इसके फल और फूलों की तुलना में अधिक पौष्टिक होती हैं। पोषक तत्व की

यदि अन्य खाद्य पदार्थों की बात करें तो विटामिन सी-संतरे से 7 गुना ज्यादा

जैव अपघटक खाद बनाने का सरल उपाय : डॉ. कनौजिया

कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को दी सलाह

अमर उजाला

अच्छी पैदावार के लिए खेतों की करें गहरी जुताई

फलों और सब्जियों के संदर्भ में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक ने ब

प्रोटीन के अच्छे शामिल हैं

विटामिन सी के अच्छे स्रोत में शामिल हैं

बच्चे को कुछ देर धूप में बैठाएं

बच्चों की मालिश करें

कीटों से करें मक्का का बचाव

सलाह : फसल अवशेष से किसान ऐसे बनाएं खाद

कृषि वैज्ञानिक बोले

15 से 20 दिन में ठोस सकते हैं किसान

मल्टीविटामिन्स व एंटीअक्सीडेंट से भरपूर हैं सहजन की पत्तियां : डा. पूनम

कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक ने दी जानकारी

3. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : कानपुर देहात

मीडिया कवरेज

कोरोना वायरस से सुरक्षित रहने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का दुरुस्त रहना बेहद जरूरी : डॉ चंद्रकला

बैंगनी पत्ता गोभी कुदरत का अनमोल तोहफा: डॉ अशोक

22/05/2021

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सीएसए के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह द्वारा वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में आज दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक कुमार ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं शरीर में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बैंगनी पत्ता गोभी को कुदरत का अनमोल तोहफा बताया है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से वही लोग सुरक्षित रह सकते हैं जिनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत है। उन्होंने बताया कि कुदरत ने मानव को कुपोषण से दूर कर

जनमत टुडे

प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है बैंगनी पत्ता गोभी: डॉ अशोक कुमार

जन एक्सप्रेस

कोरोना से बचाव: बकरी के दूध से बढ़ सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जन एक्सप्रेस

बैंगनी पत्ता गोभी कुदरत का नायाब तोहफा

रबी फसल की कटाई एवं मड़ाई के लिए किसानों को एडवाइजरी जारी

कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.आर. सिंह द्वारा कृषि वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में शुक्रवार को दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार ने रबी फसल की कटाई एवं मड़ाई के लिए ... समय धूम्रपान का प्रयोग किया जाता है जिसकी चिंगारी से फसल जलने का खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि फसल मड़ाई करते समय अनुपयोगी जूट के बोरे को पानी में डुबोकर थ्रेशिंग कार्य करते समय आसपास रखना चाहिए जिससे आग लगने की स्थिति में गीले बोरों को डालकर आग बुझाई जा सके। उन्होंने मड़ाई यंत्र की

रोज पीयें 240 ग्राम बकरी का दूध, बढ़ेगी इम्युनिटी



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकेश राय ने इम्युनिटी को लेकर एडवाइज़री जारी की है। उन्होंने बताया कि जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है, वे आहार के साथ 240 ग्राम बकरी का दूध रोजाना लेना शुरू कर दें तो उनकी इम्युनिटी तेजी से बढ़ सकती है। उन्होंने बताया

जनमत टुडे

कोविड-19 के नियमों का पालन कर फसलों की कटाई मड़ाई का कार्य संपादित करें किसान

कोविड-19 से बचाव के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी: डॉ. निमिषा अवस्थी

राष्ट्रीय सहारा 5

'कोरोना काल में लगाएं सेहत की बा

अनेक औषधीय गुणों से भरपूर है चौलाई- डॉ अशोक कुमार, अध्यक्ष केवीके,दलीप नगर

हिन्दुस्तान का इतिहास

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए संतुलित आहार लेना जरूरी-डॉ.निमिषा अवस्थी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सत्ता एक्सप्रे

कोरोना बचाव के लिए संतुलित आहार जरूरी–डॉ.निमिषा

कोरोना की तीसरी लहर से नौनिहालों को बचाएगा 250 ग्राम बकरी का दूध

सहजन की पत्तियां बढ़ाती हैं रोग प्रतिरोधक क्षमता

11/05/2021

बकरी के दूध से बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता

फसलों को चट करने वाले टिड्डी दल की चेतावनी

जासं, कानपुर: टिड्डी दल के उत्तर प्रदेश में आने की चेतावनी चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने दी है। चक्रवाती तूफान के कारण हुई बारिश के बाद टिड्डी दल अपने पांव पसार रहा है। सीएसए के कीट विज्ञान विभाग

रहें सावधान

- सीएसए विवि के विशेषज्ञों ने दी है चेतावनी
- बरसात के मौसम में उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने की आशंका जताई

गर्भावस्था में खून की कमी हेतु आहार प्रबंधन - डॉ निमिषा

राष्ट्रीय सहारा 5

कानपुर • शनिवार • 22 मई • 2021

बैंगनी पत्ता गोभी कुदरत का अनमोल तोहफा : डॉ. अश

अनूपपुर गां वितरित किए बैंगनी पत्ता

4. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : मैनपुरी

मीडिया कवरेज

मादा पशुओं के गर्भधारण न करने पर पशुपालक दें विशेष ध्यान : डॉ. संजय

11/05/2021

अमरूद में छाल-भक्षी कीट का प्रबंधन आ

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक ने जारी की एडवाइजरी

डॉ. विकास रंजन चौधरी

सब्जियों में कीट नियंत्रण

पशुपालक दें विशेष ध्यान : डॉ संजय कुमार पांडेय

शाश्वत टाइम्स कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह द्वारा कृषि वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में सोमवार को दीवानी रोड नगला चिरंजन स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के पशुपालन वैज्ञानिक डॉ संजय कुमार पांडेय ने पशुपालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। डॉक्टर पांडेय ने बताया की किसान भाइयों के लिए पशु महत्वपूर्ण धन होते हैं

यदि सुबह हीट में आया है तो उसकी कृत्रिम गर्भाधान उसी दिन शाम को करवा लेनी चाहिए और इसके विपरीत यदि शाम को हीट अथवा गर्मी में है तो उसकी कृत्रिम गर्भाधान अगले दिन सुबह अवश्य करवा लेनी चाहिए। उन्होंने पशुपालकों से अपील की है कि वह ध्यान रखें कि कृत्रिम गर्भाधान कर्मी अथवा एआई करने वाला पशु मित्र हिमीकृत वीर्य का रख-रखाव ...

शाम को आंधी के बाद बूंदाबांदी

जासं, मैनपुरी: गुरुवार को दोपहर बाद मौसम अचानक बदल गया। आसमान पर बादल छा गए। शाम को आंधी के साथ ही बूंदाबांदी हो गई। इससे तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

बुधवार को गर्मी के बाद गुरुवार को मौसम बदलने का अनुमान लगाया जा रहा था। सुबह आसमान पर अचानक बादल छा गए। दोपहर के बाद आंधी जैसे हालात बन गए। मौसम में बदलाव होने से तापमान भी गिर गया। इसके बाद शाम को आंधी आई, जिससे राहगीरों को खासी परेशानी हो गई। कुछ देर बाद बूंदाबांदी शुरू हो गई। इस दौरान बिजली भी गुल हो गई, जो बाद में सुचारु हुई। इस वजह से अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28.2 पहुंच गया।

आठ मई को बारिश के आसार: अब

जनमत टुडे

वर्ष-12 | अंक-138 | देहरादून, शुक्रवार, 14 मई, 2021 | पृष्ठ-08

उत्तर प्रदेश

ऑक्सीजन लेवल मेंटेन बनाए रखें: डॉ. आकांक्षा चौधरी

13 मई को प्री-मानसून बारिश का अलर्ट जारी

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जारी किया गया है पूर्वानुमान

मैनपुरी। कृषि विज्ञान केंद्र ने 13 मई को बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार ये प्री मानसून बारिश होगी, जो तेज भी हो सकती है। उन्होंने किसानों से थ्रेसिंग का काम पूरा करने के लिए कहा है।

मई में अब तक दो बार बारिश हो चुकी है। इससे तापमान में भी गिरावट आई है। वहीं एक बार फिर कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से बारिश ... अनुसार 13 मई को इस बार बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि ये बारिश प्री मानसून बारिश होगी। ये बारिश हल्की या फिर तेज भी हो सकती है। उन्होंने किसानों को जल्द से जल्द गेहूं की थ्रेसिंग का काम पूरा करने के साथ ही गेहूं और

ताउते : आज और कल जिले में बारिश का अलर्ट हुआ जारी

आज का कानपुर

मादा पशुओं के गर्भधारण न करने पर पशुपालक दें ध्यान-डॉ. पांडेय

पशुपालक बरतें सावधानी, खुले में पशु न बांधें

मैनपुरी | हिन्दुस्तान संवाद

सलाह दी

- कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक ने पशुपालकों को दी सलाह
- संक्रमित या बाहरी व्यक्तियों को पशुओं के पास न जाने दें

पशुपालक इस तरह बरतें सावधानी

कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक ने बागवान के लिए जारी की एडवाइजरी

19/05/2021 राष्ट्रीय स्वरूप

कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान बागवान के लिए जारी की

19/05/2021

सांध्य हलचल ब्यूरो

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर डी.आर. सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में आज नगला सिरंजन दीवानी रोड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ विकास रंजन चौधरी ने बागवान भाइयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। डॉ चौधरी ने बताया कि वैशाख-जेठ अर्थात मई माह में गर्मी चरम पर होती है तथा इस दौरान कोविड-19 का भी संक्रमण है। ऐसी परिस्थिति में बागवान भाइयों को अपने बागों का सही से प्रबंधन भी करना है। जिससे कि उन्हें अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि इस माह तेज गर्मी तथा लू से पेड़ पौधों का बचाव करना आवश्यक है तथा इसी महीने में बाग लगाने के लिए खेत में गड्ढे भी तैयार किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मई माह में फलदार पौधों का बगीचा लगाने के लिए मई से लेकर जून के प्रथम सप्ताह तक गड्ढों की खुदाई का कार्य बागवान भाई पूर्ण कर लें उन्होंने बताया कि इस समय

वैशाख-जेष्ठ (मई) माह में बगीचे

आम के पौधों में बोरेक्स का छिड़काव अवश्य करें तथा सिंचाई कर गिलहरी और चिड़ियों से फलों को बचाएं। डॉ चौधरी ने कहा कि अमरूद के वृक्षों में नए कल्लों की छटाई कर दें, तथा 15 दिन के अंतराल पर एन ए ए का 600 से 800 पीपीएम का छिड़काव दो बार करें, तथा जिन भाइयों को पपीते के नए बगीचे लगाना चाह रहे हैं वे पपीते की उन्नत किस्में जैसे मधुबाला, पूसा नन्हा, हनीड्यू, पूसा डिलिसस आदि की नर्सरी तैयार कर लें। उन्होंने बताया कि कटहल के वृक्षों पर

शाश्वत टाइम्स

हिन्दी दैनिक

वैशाख-जेष्ठ (मई) माह में बगीचों की देखभाल: डॉक्टर विकास रंजन चौधरी

सोशल रिपोर्टर

हिन्दी दैनिक

वैशाख-जेठ (मई) माह में बगीचों की देखभाल- डॉक्टर विकास रंजन चौधरी

खाने में सोयाबीन अखरोट मूंगफली को शामिल करें

पशु के लिए जानलेवा हो सकता है गलाघोंटू

में ऑक्सीजन लेवल मेंटेन बनाए रखें- डॉ. आर

फुहार से मौसम हुआ सुहाना

मई में बागों का प्रबंधन ठीक से करें बागवान

5. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : रायबरेली

मीडिया कवरेज

अच्छी उपज के लिए ग्रीष्म ऋतु में जुताई जरूरी: डॉ. सिंह

रायबरेली, 16 मई (तरुणमित्र)। कृषि विज्ञान केंद्र , दरियापुर रायबरेली के प्रसार वैज्ञानिक डा आर पी एन सिंह ने ग्रीष्मकालीन जुताई के महत्व के बारे में सलाह दी कि किसान भाइयों एवं बहनों कोविड -19 के दृष्टिगत देश एवं प्रदेश में लागू लॉक डाउन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आगामी फसल से अच्छी पैदावार लेने के लिए रबी फसल की कटाई के तुरंत बाद गहरी जुताई कर ग्रीष्म ऋतु में खेत को खाली रखना लाभदायक रहता है। ग्रीष्मकालीन जुताई रबी मौसम की फसलें कटने के बाद

स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक मीठे व्यंजन से क

रायबरेली, 16 मई (तरुणमित्र)। कृषि विज्ञान केंद्र , दरियापुर रायबरेली के प्रसार वैज्ञानिक डा आर पी एन सिंह ने ग्रीष्मकालीन जुताई के महत्व के बारे में सलाह दी कि किसान भाइयों एवं बहनों कोविड -19 के दृष्टिगत देश एवं प्रदेश में लागू लॉक डाउन के सभी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आगामी फसल से अच्छी पैदावार लेने के लिए रबी फसल की कटाई के तुरंत बाद गहरी जुताई कर ग्रीष्म ऋतु में खेत को खाली रखना

कोरोना की जंग सेहत के संग

डॉ. दीप्ति सिंह

मधुमक्खियों को गर्मी और लू से बचाने के लिए रहें सतर्क

रायबरेली। गर्मी के समय में मधुमक्खी पालक सतर्क रहें। लू और गर्मी के चलते मधुमक्खियों और उनके बच्चों के मरने की आशंका बनी रहती है। कृषि विज्ञान केंद्र फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. अवधेश कुमार तिवारी ने बताया कि गर्मी में

सावधानी से सुरक्षित रहेगा अनाज भंडारण

रायबरेली। कड़ी मेहनत के बाद तैयार किए गए गेहूं के भंडारण में छोटी-छोटी बातों का विशेष ध्यान देने की जरूरत है। ऐसा नहीं करने पर पूरी मेहनत पर पानी फिर सकता है। इससे न सिर्फ किसानों का गेहूं खराब होगा, बल्कि उसके खाने से स्वास्थ्य पर भी गलत प्रभाव पड़ेगा। उक्त जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर के वैज्ञानिक फसल सुरक्षा डॉ. अवधेश कुमार तिवारी ने दी।

उन्होंने बताया कि अनाज को ढोने वाली ट्राली को अच्छी तरह से साफ करें। भंडारण से पूर्व अनाज को अच्छी तरह से साफ कर लें। अनाज को अच्छी तरह से सुखाएं। गेहूं में 8-10 प्रतिशत से ज्यादा नमी न रहे। भंडारण से पूर्व गोदाम की

अमर उजाला
लखनऊ संस्करण
निधन । अंतिम या
जो हमसे बिछुड़ गए हैं उ
संदेश अमर उजाला पहुंचाए
क्योंकि हम आपके सु

हरी मिर्च का तेज

दीप्ति सिंह

6. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : हरदोई

मीडिया कवरेज

कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को दी सलाह, बताया गर्मी की जुताई का महत्व

हरदोई। (जनसंदेश टाइम्स) कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ राम प्रकाश ने किसान भाइयों को ;फसल अवशेष प्रबंधनः के तहत सलाह दी कि रबी फसल की कटाई के बाद गर्मी की जुताई का बहुत महत्व होता है। उन्होंने बताया कि खरीफ की फसल की तैयारी करने के लिए गर्मी की जुताई खास महत्वपूर्ण होती है, और किसान भाइयों को गर्मी की जुताई पलटा हल से

पोस्ट कोविड रोगियों के लिए आहार प्रबंधन

दैनिक भास्कर

पोस्ट कोविड रोगियों के लिए आहार प्रबंधन आवश्यक : डॉ प्रिया

मृदा स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए खेतों में बोएं हरी खाद

कृषि वैज्ञानिक मुकेश कुमार सिंह ने दी जानकारी

कहा, खेतों में हरी खाद बोने के लिए यह समय उपयुक्त

कृषि तकनीकों के प्रसार कार्यक्रमों को अपनाकर बढ़ायें पैदावार

फल को बेहतर तकनीक से ही पकाएं

कृषि वैज्ञानिक डॉ. डीवी सिंह ने बताई बेहतर ढंग से फल पकाने की विधियां

कृषि वैज्ञानिक की अपील कृषि विज्ञान केंद्र से भी प्राप्त कर सकते हैं जानकारी

खतरनाक केमिकल का प्रयोग न करें

एथिलीन गैस के छिड़काव से खतरा नहीं

सत्ता एक्सप्रेस

पोस्ट कोविड रोगियों हेतु आहार प्रबंधन- डॉ प्रिया वशिष्ठ

पोस्ट कोविड मरीज खाएं दलिया, दही, फल

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की डॉ. प्रिया वशिष्ठ ने सोमवार को पोस्ट कोविड रोगियों के आहार प्रबंधन पर एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि कोरोना विजेता थकान महसूस करते हैं। ऐसे में उन्हें भोजन में बींस, अंडे, दही, दाल, मूंगफली, अंकुरित दाल आदि शामिल करना चाहिए। सेब, खजूर, पपीता, केला, कीवी, लौकी, पत्तेदार साग आदि जरूर खाएं। भीगे बादाम और किशमिश

खेतीबाड़ी

आम के बागवानों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

किसान आम की फसल को बेहतर तकनीक से ही पकाएं

■ कृषि वैज्ञानिक डॉ. टीबी सिंह ने बताई बेहतर ढंग से फल पकाने की विधियां

■ कृषि वैज्ञानिक की अपील कृषि विज्ञान केंद्र से भी प्राप्त कर सकते हैं जानकारी

खतरनाक केमिकल का प्रयोग न करें

एथिलीन गैस के छिड़काव से खतरा नहीं

पोस्ट कोविड रोगियों को अपने भोजन में हाई प्रोटीन वाले फूड को शामिल करना चाहिए: डॉ प्रिया वशिष्ठ

पोस्ट कोविड रोगियों हेतु आहार प्रबंधन: डॉ प्रिया वशिष्ठ

ग्रीष्मकाल में करें जोताई बढ़ेगी मिट्टी की उर्वराशक्ति

कमजोरी व थकान की शिकायत

कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से जारी की गई एडवाइजरी

डॉ. प्रिया वशिष्ठ

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

सीएसए की कृषि वैज्ञानिक की सलाह

कानपुर। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की गृह वैज्ञानिक डॉ. प्रिया वशिष्ठ ने कहा है कि पोस्ट कोविड रोगियों के आहार प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोविड से उबरने के बाद लोगों में थकान और कमजोरी एक आम समस्या देखी जा रही है। ऐसे में कुछ खास खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल कर रोगी अपनी खोई ऊर्जा को पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

डॉक्टर प्रिया ने सलाह दी है कि पोस्ट कोविड रोगियों को अपने भोजन में हाई प्रोटीन वाले फूड को अवश्य शामिल करना चाहिए। बहुत जरूरी है। यह फल और रंग बिरंगी सब्जियों में पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है जैसे सेब, खजूर, पपीता, केला, कीवी, लौकी, पत्तेदार साग आदि।

उन्होंने बताया कि पांच ऐसे आहार हैं जिससे इम्यूनिटी बढ़ती है और इससे कोविड की थकान से उबरने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने भीगे बादाम और किशमिश खाकर दिन की शुरुआत करने की बात कही है। बादाम में

डॉ. प्रिया वशिष्ठ।

पोषक तत्व होते हैं और यह पेट के लिए हल्की होती है। खिचड़ी खाने से अच्छी नींद भी आती है। स्वादानुसार हरी सब्जियां मिलाकर भी खिचड़ी बनाई जा सकती है।

इन सबके साथ शरीर को हाइड्रेट करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए पर्याप्त पानी पीने के अलावा घर पर बने लाइम जूस और बटरमिल्क का सेवन किया

7. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : इटावा

मीडिया कवरेज

जानकारी | कमजोर या बुजुर्ग लोगों को जल्दी अपना शिकार बनाता है कोरोना

हाई एंटी वायरल फूड डाइट में जरूरी

अदरक-तुलसी व लहसुन फायदेमंद

अदरक में भी कई तरह के एंटी वायरल तत्व पाए जाते हैं इसलिए अपने खाने-पीने की चीजों में इसे जरूर शामिल करें। सौंफ या शहद के साथ इसका सेवन करने से इसके परिणाम ज्यादा बेहतर होंगे। दिन में 3-4 बार अदरक का सेवन करने से आपका इम्यून सिस्टम अच्छा होगा। तुलसी इम्युनिटी सिस्टम को बेहतर बनाने वाले तत्वों से भरपूर तुलसी बेहद गुणकारी है। रोजाना सुबह एक चम्मच तुलसी लेने से आपका इम्युनिटी सिस्टम बेहतर होता है। 3-4 काली मिर्च और एक चम्मच शहद के साथ इसका सेवन करने से आपके शरीर को रोगों से लड़ने की ताकत मिलती है। लहसुन में भी कई तरह के एंटी वायरल तत्व पाए जाते हैं। सूप या सलाद के अलावा आप इसे कच्चा भी खा सकते हैं।

कृषि वैज्ञानिक सुनीता मिश्रा जानकारी देतीं।

जून के तीसरे सप्ताह में तैयार करें धान की

खेतीबाड़ी : कृषि वैज्ञानिक ने बीज शोधित करके ही नर्सरी में बुआई करने की दी सलाह

जानकारी के लिए नंबर पर करें फोन 9450077316

कृषि वैज्ञानिक ने घरेलू नुस्खे अपनाने पर दिया जोर

इटावा। कृषि वैज्ञानिक सुनीता मिश्रा ने बताया कि सूखी खांसी व गले में खराश को दूर करने में आयुष का घरेलू उपचार बहुत ही कारगर है, इसके लिए ताजे पुदीने के पत्ते और काला जीरा को पानी में उबालकर दिन में एक बार भाप लेने से इस तरह की समस्या से राहत मिल सकती है। इसके अलावा लौंग के पाउडर को मिश्री-शहद के साथ मिलाकर दिन में दो से तीन बार सेवन करने से इस तरह की समस्या दूर हो सकती है। इसके अलावा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के एक से एक नुस्खे आयुर्वेद में मौजूद है,

जैविक विधि से करें कीटों का नियंत्रण

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शस्य की किसानों को सलाह

संवाद न्यूज एजेंसी

इटावा। जैविक खेती देशी खेती का आधुनिक तरीका है। जहां प्रकृति एवं पर्यावरण को संतुलित रखते हुए खेती की जाती है। इसमें रासायनिक खाद

डा.विजय बहादुर जायसवाल

यह जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शस्य डा.विजय बहादुर जायसवाल ने दी है। कहा कि जैविक विधि से कीट एवं रोग और खरपतवार प्रबंधन आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान खेती में रासायनिक उर्वरक और कीट

जैविक विधि से खरपतवार प्रबंधन

स्टेल सीडबेड तकनीक का प्रयोग करें फसल बुवाई से पूर्व खेत में पानी देकर खरपतवारों को उगने का मौका देते है जिन्हें बाद में नष्ट कर दिया जाता है, इसके बाद फसल की बुवाई की जाती है। कृषि उपकरणों को एक खेत से दूसरे खेत में जाने से पूर्व अच्छी तरह साफ करना चाहिए अन्यथा खरपतवार के बीज एक खेत से दूसरे

9. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : फर्रूखाबाद

मीडिया कवरेज

किसान हरी खाद की बोआइ 20 मई तक अवश्य करें

जास, फर्रुखाबाद : कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानी ने किसानों को 20 मई तक हरी खाद की बोवाई अवश्य कर लेने की सलाह दी है।

कृषि वैज्ञानी डॉ. प्रणवीर सिंह बताया कि अक्सर देखा जाता है कृषक केवल रासायनिक खाद उपयोग करते हैं, और जैविक री खाद का उपयोग कम करते हैं। न्होंने कृषकों को सलाह दी है कि ट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने लिए, किसान हरी खाद की बुवाई रें। हरी खाद में ढेंचा एवं सनई ख फसल है। सनई/ढेंचा की वाई 20 मई तक अवश्य हो जानी हिए। बोवाई के 45 दिन बाद हरी द की फसल को पाटा लगाने के उसे मिट्टी पलटने वाले हल से कर मिट्टी में मिलाएं और खेत सड़ने दें। हरी खाद खेत की में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा ढ़ाती है तथा मिट्टी की भौतिक दिशा में सुधार होता है जो पौधों वृद्धि के लिए आवश्यक होता है

कीट से सुरक्षा को करें छिड़काव

कृषि विज्ञान केंद्र में तैनात कृषि विवि कानपुर के फसल सुरक्षा विज्ञानी डॉ. अभिमन्यु यादव ने बताया खेत में खड़ी टमाटर, बैंगन, मिर्च, भिंडी अरुई, परवल व कद्दू वर्गीय सब्जियों तथा मक्का व हरे चारे की फसलों की सिंचाई आवश्यकतानुसार करते रहें। मक्के-की फसल में तना भेदक सूंडी तने में छेद करके उसे अंदर से खाती है। इसकी रोकथाम के लिए प्रकोपित पौधों को जड़ से उखाड़कर जमीन में दबा दें। बोवाई के दो से तीन हफ्ते बाद क्वीनालफॉस 30 मिलीलीटर या क्लोरेंट्रानीलीप्रोल 5 से 8 मिलीलीटर प्रति 15 लीटर पानी की दर से घोल बना 1000 लीटर घोल प्रति हेक्टेयर के हिसाब से छिड़काव करें।

आगरा/एटा/आजमगढ़/बरेली

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा समसामयिक सुरक्षा व फसल प्रबंधन हेतु दिए गए

10. कृषि विज्ञान केन्द्र का नाम : अलीगढ़

मीडिया कवरेज

किसानों की तकदीर बदलेगा बासमती

लोकेश शर्मा • अलीगढ़

• किसानों को उपलब्ध होगी धान की नई वैरायटी

• रोग रहित होगी फसल उत्पादन भी होगा अधिक

धान पर निर्भर किसान इस बार रोग रहित फसल कर सकेंगे। बासमती धान की नई किस्म जनपद के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। कृषि वैज्ञानिकों का दावा है कि बासमती की पूसा 1718 व पूसा 1728 प्रजाति का उत्पादन सामान्य ...

प्रजाति अधिक प्रचलित है। अब किसानों को धान की पूसा 1718 व पूसा 1728 प्रजाति भी उपलब्ध होगी। धान की ये प्रजाति 20 फीसद कम पानी की बचत करती है। खास बात ये कि इसमें रोग, कीट का असर नहीं होगा। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी ...

परिवर्तन को भी झेलने की क्षमता है। उत्पादन भी 50 कुंतल प्रति हेक्टेयर से अधिक है, जबकि सामान्य प्रजातियों का उत्पादन 40-42 कुंतल प्रति हेक्टेयर है।

ऐसे तैयार करें नर्सरी: कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि जून के दूसरे ...

और एक ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लीन को पानी में घोलकर 10 किलो बीज भिगो दें। फिर इन्हें 10 से 24 घंटे छाया में रखें। बीज उपचार के बाद बीजों को जूट के बैग या ढेर बनाकर छाया में 24 घंटे अंकुरित होने के लिए रखें। बीज को सड़न से बचाने के लिए नमी अवश्य बनाए रखें, इससे एक समान अंकुरण होगा। एक किलो बीज ...

धान की प्रजाति का होगा उत्पादन

खेती-किसानी

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

अलीगढ़ मंडल के धान किसानों के लिए अच्छी खबर है। इस बार किसान कीट रहित बासमती धान का उत्पादन कर सकेंगे। ऐसा होगा बासमती की तीन नई प्रजातियों से। वैज्ञानिकों का दावा है कि नई प्रजातियों के धान में रोग नहीं

धान की 38 प्रजातियां

ऐसे तैयार करें नर्सरी

कृषि वैज्ञानिक के अनुसार जून के दूसरे हफ्ते में नर्सरी तैयार करनी चाहिए। बोआई से पहले बीज का शुद्धिकरण होना जरूरी है। इसके लिए 10 लीटर पानी में एक किलो सादा नमक डालकर बीज को धीरे-धीरे इसमें छोड़ें। इससे हल्के बीज पानी की ऊपरी सतह पर तैरने